यदि आप शेयर बाजार में कदम रखना चाहते हैं तो शुरुआत Share Market Guide in Hindi से करना चाहिए।

इसलिए, यह पोस्ट के नए ट्रेडर के लिए बहुत इम्पोर्टेन्ट है जो शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं।

आइये Share Market Guide in Hindi में समझते हैं।

---

# शेयर मार्केट गाइड इन हिंदी

एक शुरुआती ट्रेडर या निवेशक के लिए जरुरी है कि उसे सही मार्गदर्शन बहुत इम्पोर्टेन्ट है। आपको शेयर मार्केट के सभी टर्म्स के बारे में पता होना चाहिए।

चलिए शेयर मार्केट की जर्नी शुरू करते हैं।

### शेयर मार्केट में स्टॉक ब्रोकर कौन है?

शेयर मार्केट में स्टॉक ब्रोकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेड करने के लिए स्टॉक ब्रोकर आपका एक एंट्री गेट होगा। यह सेबी के साथ रजिस्टर्ड एक कॉर्पोरेट आर्गेनाईजेशन है जिसके पास स्टॉक ब्रोकिंग लाइसेंस होता है।

ये एक व्यक्ति को ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट खोलने से लेकर ट्रेड करने तक अपनी सेवाएं प्रदान करता हैं।

मान लीजिए, यदि आपको किसी एक कंपनी का स्टॉक खरीदना या बेचना है तो आपको एक ट्रेडिंग जरुरत पड़ेगी जो आपको एक एक शेयर ब्रोकर प्रदान करता है।

ब्रोकर आपके और एक्सचेंज के बीच एक मिडिल मेन या मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है।

पहले के समय में या अभी भी कुछ ऐसे निवेशक या ट्रेडर है जो बरकर के ऑफिस मे ट्रेड करने के लिए जाते हैं।

हालाँकि, नयी और एडवांस टेक्नोलॉजी के आने से एक ट्रेडर कॉल करके ट्रेड प्लेस कर सकता है।

इसके अलावा, भारत में कई ट्रेडिंग टर्मिनल भी है जो ब्रोकर द्वारा ट्रेडर को ट्रेड प्लेस करने के लिए प्रदान किया जाता है।

आपको यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ब्रोकर को इन सभी सर्विसेज के लिए ब्रोकरेज के रूप में कमीशन मिलता है।

जब भी कोई निवेशक या ट्रेडर ट्रेड प्लेस करता है तो उससे एक निश्चित ब्रोकरेज जेनेरेट होता है।

यह स्टॉक ब्रोकर द्वारा चार्ज किया जाता है और यह एक तरह का कमीशन है जो ब्रोकर अपनी सेवाओं के लिए वसूल करता है।

ये याद रखें कि आप कभी भी ट्रेडिंग अकाउंट खोलने के लिए सीधे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ऑफिस में नहीं जा सकते है।

आप एक ब्रोकर को ऑनलाइन या अपने नजदीकी एरिया में तलाश करेंगे।

आप अपने सभी ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट **hindi.adigitalblogger.com** के साथ भी खोल सकते है।

---

अभी डीमैट अकाउंट खोलने के लिए नीचे दिए फॉर्म में अपना नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करें।

जानकारी दर्ज करने के बाद आपको शीघ्र ही हमारे बैकेंड टीम से आपको कॉल प्राप्त होगी।

[rainmaker_form id="24531"]

---

### स्टॉक ब्रोकर द्वारा प्रदान की जाने वाली बुनियादी सेवाएं:

चलिए अब Share Market Guide in Hindi को समझने के लिए स्टॉक ब्रोकर द्वारा प्रदान की जाने वाली बेसिक सर्विसेज को समझते हैं।

- यह आपको शेयर बाजार तक एक्सेस प्रदान करता है और लेनदेन करने का विकल्प प्रदान करता है।
- सपोर्ट और सहायता - कॉल और ट्रेड के लिए या ट्रेडिंग टर्मिनल के लिए सॉफ्टवेयर सपोर्ट।
- ट्रेडिंग के लिए हाई मार्जिन या लीवरेज प्रदान करना।
- इसके अलावा वे आपके द्वारा किये गए लेनदेन के लिए कॉन्ट्रैक्ट नोट जारी करते हैं। यह सिर्फ रसीद की तरह है जो आप चार्ज सही है या नहीं, इसके जांच करने के लिए किसी भी शॉप से लेते हैं।
- आपके ट्रेडिंग और बैंक अकाउंट के बीच फंड ट्रांसफर।
- स्टेटमेंट चेक करने के लिए बैक ऑफिस में लॉगिन करने का एक्सेस।

---

## स्टॉक मार्केट में Depository Participant कौन है?

चूँकि आप स्टॉक मार्केट के मूल सिद्धांतो को समझने में रुचि रखते हैं, इसलिए आपके लिए यह जानना भी जरुरी है कि डिपॉजिटरी कौन है और स्टॉक मार्केट में उनकी क्या भूमिका है।

मान लीजिये की आप अपने फ्यूचर के लिए एक प्रॉपर्टी के रूप में जमीन खरीदते हैं।

हालाँकि कुछ समय बाद कुछ लोग आपके जमीन पर अपना दावा करते है और जमीन को अधिग्रहण करने के प्रयास करते हैं।

अब इसके लिए कि वह जमीन आपकी है, आपके पास प्रूफ के रूप कुछ डाक्यूमेंट्स होना चाहिए।

इसी तरह जब आप आज शेयर करते है तो आपको उसे प्रूफ करने के लिए शेयर सर्टिफिकेट होना चाहिए।

चूँकि शेयर कंपनी में ओनरशिप का एक हिस्सा है, इसलिए यदि आप कुछ निश्चित संख्या में शेयर खरीदते है तो जब भी आवश्यकता होगी आपको उस शेयर को प्रमाण करने के लिए सर्टिफिकेट होना चाहिए।

1996 से पहले का शेयर सर्टिफिकेट पेपर फॉर्मेट में था, लेकिन 1996 के बाद शेयर सर्टिफिकेट को डिजिटल फॉर्मेट में बदल दिया गया।

इस फॉर्मेट को डीमैटिरियलाइजेशन कहा जाता है जिसे आम भाषा में डीमैट के रूप में भी जाना जाता है।

अब इस डिजिटल सर्टिफिकेट को स्टोर करने के अकाउंट की आवश्यकता होगी।

इसलिए एक डिपॉजिटरी एक फाइनेंशियल इंटरमीडिएट है जो डीमैट अकाउंट की सेवाएं प्रदान करता है।

अब जबकि आप जान चुके है कि एक ब्रोकर डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट खोलने में मदद करते है जो आपस में लिंक होते हैं।

डीमैट अकाउंट की पेशकश करने वाले दो डिपॉजिटरी होते हैं।

1. नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL)
2. सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (CDSL)

ये दोनों डिपॉजिटरी सेबी के सख्त दिशा निर्देशों के तहत काम करते हैं। भारत में सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) एक बाजार नियामक है।

सेबी की स्थपना मुख्य रूप से प्राइमरी शेयर मार्केट में निवेशकों की हितों का रक्षा करना और मार्केट पार्टिसिपेंट को एक पारदर्शी वातावरण प्रदान करने के लिए हुआ था।

---

## किस उद्देश्य से डीमैट अकाउंट का उपयोग किया जाता है?

डीमैट अकाउंट का उपयोग जानने के लिए एक उदाहरण से समझते हैं।

मान लीजिये आप अपने ट्रेडिंग अकाउंट से अपने ब्रोकर को कॉल के माध्यम से या टर्मिनल का उपयोग करके टाटा मोटर्स का शेयर खरीदते है।

एक बार शेयर खरीदने और लेनदेन पूरा हो जाने के बाद ट्रेडिंग अकाउंट का काम समाप्त हो जाता है।

आपके द्वारा खरीदे गए शेयर को स्टोर करने के लिए कोई जगह की आवश्यकता होगी।

अब डीमैट अकाउंट यही पर खेल में आता है।

आपका यह शेयर डीमैट अकाउंट में सुरक्षित और महफ़ूज़ रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

इसलिए जब भी आप अपने शेयर को बेचना चाहते हैं तो आप ट्रेडिंग अकाउंट से आसानी से बेच सकते है और यह आपके डीमैट अकाउंट से डेबिट हो जाता है।

डीमैट अकाउंट खोलने के लिए आपको डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ संपर्क करना होगा।

---

## शेयर बाजार के प्रकार:

**प्राइमरी मार्केट -** जब कोई कंपनी अपने शेयर को बेचने और धन जुटाने के लिए पहली बार खुद को रजिस्टर्ड करती है तो वह प्राइमरी मार्केट में एंटर करती है, जिसे आईपीओ भी कहा जाता है।

इसे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड होना भी कहते हैं।

एक बार जब कंपनी किसी भी एक्सचेंज में (NSE या BSE) पर पब्लिक डोमेन में लिस्टेड हो जाता है तो लोग फिर उसे कंपनी में ट्रेड कर सकते हैं।

**सेकेंडरी मार्केट -** सेकेंडरी मार्केट वह बाजार है जहाँ से पहले लिस्टेड कंपनियां ट्रेड करती है या स्टॉक बेचती है।

निवेशक या ट्रेडर सेकेंडरी मार्केट में शेयर खरीद या बेच सकते है। ज्यादातर ट्रेडिंग इसी मार्केट में होती है।

यहाँ कोई भी इन्वेस्टर या ट्रेडर किसी शेयर की मौजूदा कीमत पर अपनी रणनीति के आधार पर अपना शेयर खरीद या बेच सकता है।

हमें उम्मीद है कि ऊपर दी गई जानकारी से आपको Share Market Guide in Hindi के कुछ कांसेप्ट क्लियर हो गए होंगें।

---

यदि आप भी शेयर बाजार में शुरुआत करना चाहते है तो तुरंत ही डीमैट अकाउंट के लिए अप्लाई करें।

डीमैट अकाउंट अप्लाई करने के लिए नीचे दिए फॉर्म में बुनियादी विवरण दर्ज करें और आपको शीघ्र ही कॉलबैक प्राप्त होगी।

[rainmaker_form id="24531"]